अनुक्रमांक ...................................... समय : 1.00 घण्टा

नाम ............................................... पूर्णांक : 25

# प्रश्न-पुस्तिका
# प्रथम सेमेस्टर – 2023
# (गणित)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** 3/4 के योज्य प्रतिलोम का गुणात्मक प्रतिलोम होगा— **(1)**

(A) 3/4 (B) 4/3

(C) -3/4 (D) इनमें से कोई नहीं

**2.** किसी संख्या के 60% में 32 जोड़ने पर वही संख्या प्राप्त होती है। वह संख्या होगी— **(1)**

(A) 80 (B) 60

(C) 50 (D) 480

**3.** 455 में पहले 5 तथा दूसरे 5 के स्थानीय मान के अन्तर एवं योगफल का गुणनफल ज्ञात कीजिए— **(1)**

(A) 2575 (B) 2000

(C) 2475 (D) 5555

**4.** संख्या 0 का रोमन अंक होगा— **(1)**

(A) O (B) Z

(C) S (D) इनमें से कोई नहीं

**5.** 25 + 3/100 + 4/1000 का मान होगा— **(1)**

(A) 25.34 (B) 25.304

(C) 25.034 (D) 25.0034

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**6.** 20 2/3 मीटर लम्बी रस्सी में से 5 1/8 मीटर काटा गया। शेष रस्सी की लम्बाई ज्ञात कीजिए। **(1)**

**7.** किसी गाँव में पुरुषों की संख्या 6xy + 5y **(1)**

**8.** दशमलव संख्याएँ 51.3 + 510.03 + 5100.003 + 50001.0003 को जोड़िए। **(1)**

**9.** वह बड़ी-से-बड़ी संख्या बताइए जिससे 49, 59 और 109 को भाग देने पर शेषफल क्रमशः 1, 3 और 5 बचे। **(1)**

**10.** पटरी तथा परकार की सहायता से 90° के कोण की रचना कीजिए। **(1)**

**11.** एक समबाहु त्रिभुज की प्रत्येक भुजा 4 सेमी है। इसका क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**12.** आयताकार बगीचे की लम्बाई एवं चौड़ाई में अनुपात क्रमशः 5 : 3 है। यदि आयताकार बाग का क्षेत्रफल 1500 वर्ग फीट हो, तो बाग के चारों ओर तार लगाने के लिए कितना खर्च आएगा, जबकि तार का मूल्य ₹12 प्रति फीट है? **(2)**

**13.** त्रिभुज किसे कहते हैं? भुजाओं एवं कोणों के आधार पर त्रिभुजों के नामों का संक्षिप्त वर्गीकरण कीजिए। **(2)**

**14.** रचित मासिक आय का 80% खर्च करके ₹120 मासिक बचाता है। उसकी वार्षिक आय एवं खर्च ज्ञात कीजिए। **(2)**

**15.** रमेश के बगीचे में विभिन्न प्रकार के फूलों के पौधे लगाए गए हैं। नीचे दी गई सारणी में इन पौधों की संख्या दी गई है। इन्हें पिक्टोग्राफ द्वारा प्रदर्शित कीजिए। **(2)**

**16.** एक वृत्त की परिधि 22 मीटर है। वृत्त का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। **(2)**

**17.** एक कक्षा में 60 विद्यार्थी थे। 50% विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में तथा शेष तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। ज्ञात कीजिए कितने विद्यार्थी तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। **(2)**

**18.** यदि a = -2 हो, तो— **(2)**

---

**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-1/ganit/2023

2. गणित का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-1/ganit/

3. गणित के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-1/ganit/

---

**हमसे जुड़ें**
Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN